RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 16 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 173 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका समान...
# सुप्रीम कोर्ट की फटकार पर क्या बोले महाराष्ट्र के स्पीकर नार्वेकर



**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के विधायकों को अयोग्य ठहराने का कोई आदेश दो महीने में नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में, विधायिका की संप्रभुता को बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। नार्वेकर ने कहा, 'विधायिका की संप्रभुता से समझौता नहीं होने दिया जाएगा और न ही किया जाएगा। मैं अदालत के आदेश के सम्मान के साथ विधायिका की संप्रभुता को बनाए रखने के लिए कार्य करूंगा।' उन्होंने कहा कि वह उचित कानूनी सलाह लेने के बाद शिवसेना विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं की सुनवाई के लिए संशोधित कार्यक्रम बनाने पर निर्णय लेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय तक पहुंचने में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाई। राहुल नार्वेकर ने कहा, 'कोई आदेश नहीं दिया गया है कि शेड्यूल तैयार होने के दो महीने के भीतर निर्णय लिया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऑनलाइन उपलब्ध है। इसमें नोटिस देने के मुद्दे का उल्लेख है। कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि परिणाम दो महीने में या कुछ दिनों में दिए जाने चाहिए।'

### 'ले रहा हूं कानून सलाह'

**विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि चूंकि संविधान के तहत न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का समान स्थान है, इसलिए यह सभी का कर्तव्य है कि वे अदालत या संविधान के बनाए गए संस्थानों का सम्मान करें। जो व्यक्ति संसदीय लोकतंत्र में विश्वास करता है, वह संविधान के बनाई गई इन संस्थाओं का सम्मान करेगा। यह कहते हुए कि उन्होंने यह नहीं सुना कि कौन कहता है कि परिणाम कब दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं इस बात पर ध्यान देता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में क्या लिखा है। मैं की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में कानूनी सलाह ले रहा हूं।'**

### 'संज्ञान लेना उचित नहीं समझता'

**राहुल नार्वेकर ने कहा, '..लेकिन आदेश की प्रति पढ़ें जो मेरे हाथ में है। उस आदेश में, अदालत ने कहीं भी मीडिया में आई आलोचना का उल्लेख नहीं किया है। इसलिए, मैं उन मामलों का संज्ञान लेना उचित नहीं समझता जिनका आदेश में उल्लेख नहीं है... चूंकि मुझे संविधान में पूरा विश्वास है, इसलिए यह मेरा कर्तव्य है कि मैं अदालत के आदेश का सम्मान करूं और अदालत का सम्मान करूं। मैं उस कर्तव्य को निभाऊंगा।'**

## उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब का अपमान करने वाले समाजवादियों से हाथ मिलाकर पाप किया: CM शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को आरोप लगाया कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे-यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने उन समाजवादियों को बढ़ावा देने का पाप किया है जिन्होंने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे का उनके जीवनकाल में अपमान और विरोध किया था। शिंदे ने ठाणे में संवाददाताओं से बात करते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी नेताओं के साथ हाथ मिलाने का कदम हिंदुत्व विचारधारा में मिलावट करने जैसा है। शिंदे ने कहा, यहां तक कि बालासाहेब ठाकरे भी कांग्रेस और समाजवादियों से हाथ मिलाने के ऐसे कृत्य को माफ नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे ने उन समाजवादियों से हाथ मिलाकर पाप किया है जिन्होंने बालासाहेब ठाकरे का उनके जीवनकाल में अपमान और विरोध किया। शिंदे ने यह बयान ठाकरे की उन टिप्पणियों पर दिया जो उन्होंने दिन में 21 समाजवादी परिवार दलों की एक सभा को संबोधित करते हुए दी थी। उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा था कि समाजवादियों के साथ पुराने मतभेद मुख्य रूप से वैचारिक थे जिन्हें लोकतंत्र के हित में सुलझाया जा सकता है।

## बुलेट चुराकर राजस्थान में करते थे नेतागिरी



**मुंबई :** अंधेरी पुलिस ने मुंबई से बुलेट चुराकर राजस्थान में इस्तेमाल करनेवाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक दूसरे से बातचीत करने के लिए वाईफाई का इस्तेमाल कर बातचीत करते थे। जिससे उन्हें पकड़पाना मुश्किल हो रहा था। तकनीकी जानकारी हांसिल कर पुलिस एक आरोपी को मुंबई से जबकि दो आरोपियों की पुणे से गिरफ्तार किया गया है। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रमेश राधेश्याम मेनारिया (31), हिम्मत भैरू लाल गुज्जर (32), और हिरालाल किशनलाल अहिर (24) है। आरोपी वाईफाई के जरिये अपने मोबाइल से बात करते थे, मुंबई आते और चोरी की हकतना को अंजाम देकर राजस्थान में जाकर बुलेट को छिपाक देते थे। ऐसे दो मामले अबतक समाने आये हैं, जिसमें एक मामला मरीन ड्राइव पुलिस थाने का है और दूसरा अंधेरी पुलिस थाने का है। फिलहाल मामले कि अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

दरअसल पुलिस ने आरोपी को ढूंढने के लिए कई प्रयाश किया। पहले उसके आने जाने के जगह को सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ढूंढा गया। तब पता चला कि आरोपी अंधेरी स्टेशन से बुलेत चुराने पहुंचे थे। साईं प्रसाद होटल के बगल में से बुलेट चुराया और फरार हो गए। इसके बाद अंधेरी रेलवे स्टेशन पकर लगे सीसीटीवी के माध्यम पुलिस की टीम आरोपियों को ढूंढते हुए ताड़देव इलाके में पहुंची। यहां से एक संदेहास्पद व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

## शरद पवार का बड़ा दावा-
# 'जो नेता और पार्टी BJP के साथ गठबंधन करना चाहते हैं, जनता उनको...'



**मुंबई :** एनसीपी चीफ शरद पवार ने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में बीजेपी की राजनीतिक ताकत सिकुड़ रही है.मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शरद पवार ने यह भी कहा कि जो नेता और दल बीजेपी के साथ गठबंधन करना चाहते हैं जनता उनको समर्थन नहीं दे रही है. शरद पवार ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा, ''हम उन लोगों के साथ नहीं हैं जो बीजेपी के साथ गठबंधन करना चाहते हैं. आप अगर देश का नक्शा निकालेंगे तो देखेंगे कि बीजेपी दक्षिण भारत में एक भी राज्य में सत्ता में नहीं है.'' शरद पवार ने यह दावा ऐसे वक्त में किया है जब उनकी खुद की पार्टी दो हिस्सों में बंट गई है और उनसे अलग धड़ा बनाने वाले उनके भतीजे और डिप्टी सीएम अजित पवार ने दावा किया है कि उनके पास एनसीपी के अधिकांश विधायकों का समर्थन है. अजित पवार ने शरद पवार द्वारा गठित एनसीपी के नाम और चुनाव चिह्न पर भी दावा किया है.

बता दें कि शरद पवार ने 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास अघाड़ी सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा कि बीजेपी, शिवसेना को बांटकर सत्ता में आई है. शरद पवार ने दावा किया कि इसी तरह का फॉर्म्यूला गोवा और मध्य प्रदेश में भी लागू किया गया. मध्य प्रदेश में मार्च 2020 तक कांग्रेस की सरकार थी लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों के बीजेपी में शामिल हो जाने पर कमलनाथ की सरकार गिर गई थी. शरद पवार ने कहा कि बीजेपी केवल गुजरात में सत्ता में थी जिसे वह आगे बरकरार रखने में कामयाब रही. पवार ने कहा कि बीजेपी राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सरकार में नहीं है. उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों को छोड़कर, बीजेपी की राजनीतिक ताकत देश के अन्य सभी हिस्सों में सिकुड़ती जा रही है.

## मुंबई पुलिस का कर्मी भिवंडी में दो लोगों पर गोलीबारी करने के मामले में गिरफ्तार



**ठाणे :** ठाणे जिले में भिवंडी के पडघा इलाके में गोलीबारी की एक घटना में संलिप्तता के आरोप में मुंबई पुलिस के त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूटीआर) में तैनात एक कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गोलीबारी की इस घटना में दो लोग जख्मी हो गए थे। एक नकाबपोश व्यक्ति ने बाइक सवार रिश्ते के दो भाइयोंझ अजीज सैयद और फिरोज शेख को 13 अक्टूबर को गोली मारकर घायल कर दिया था। हमले के बाद नकाबपोश हमलावर मौके से फरार हो गया।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# अस्थिरता का दौर...

आने वाले वर्ष यानी 2024 के मध्य तक या उससे आगे भी राजनीतिक और भूराजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों के सामान्य आर्थिक विचारों पर हावी रहेंगी। वैश्विक वित्तीय बाजार भी इजरायल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष के कारण अप्रत्याशित अस्थिरता के दौर के लिए तैयार हैं। इसके चलते ईंधन आपूर्ति को लेकर नए सिरे से आशंकाएं उत्पन्न हो गई हैं और यह बात पहले ही मुश्किल से जूझ रही विश्व अर्थव्यवस्था में गतिविधियों को नए सिरे से प्रभावित करेगी। जहां तक भारत की बात है तो घरेलू राजनीतिक अनिश्चितताएं भी रुझानों में तेज बदलाव की वजह बन सकती हैं।

आगामी त्योहारी मौसम में हो सकता है कि उपभोक्ताओं के रुझान में सुधार हो या शायद न भी हो। दूसरी तिमाही में कॉर्पोरेट जगत के प्रदर्शन में नजर आ रहे रुझानों का भी सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाएगा। इन मोर्चों पर जो भी चिंताएं हैं उनका रुझानों पर गहरा असर होगा। इजरायल-हमास संघर्ष के कारण कच्चे तेल और गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं जबकि यूक्रेन युद्ध ने धातु बाजार को प्रभावित करना जारी रखा है। इस युद्ध की वजह से वैश्विक खाद्य बाजार में भी तंगी के हालात बने हुए हैं। इन बातों के बीच चीन में वृद्धि दर धीमी हो रही है तथा वहां अचल संपत्ति और विनिर्माण क्षेत्र गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

चीन में एवरग्रांडे जैसे बड़े अचल संपत्ति डेवलपरों का भारी भरकम कर्ज चिंता का सबब बन चुका है। ईंधन की कीमतों में इजाफा मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है और साथ ही बाहरी घाटे और मुद्रा पर दबाव डाल सकता है। कुछ कॉर्पोरेट विश्लेषक मानते हैं कि मॉनसून के अस्थिर होने के बावजूद उपभोक्ता रुझानों में सुधार हुआ है। चुनाव संबंधी खर्च और आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में खपत में इजाफा देखने को मिल सकता है। अब तक भारत का शेयर बाजार अच्छी स्थिति में है लेकिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का रुख सतर्कता भरा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के वक्तव्य सख्ती के रुझान वाले हैं, ऐसे में जल्दी मौद्रिक सहजता की आशा नहीं की जा सकती। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बीते दो महीनों में 22,700 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। इससे पहले उन्होंने जमकर लिवाली की थी। उन्होंने 2023-24 में भी 1.38 लाख करोड़ रुपये की खरीद की। उनके रुख में बदलाव तब आया जब फेड अपने वक्तव्यों में सख्ती बरतने लगा। म्युचुअल फंड के अलावा अन्य घरेलू संस्थान स्थिर गति से खरीद कर रहे हैं। म्युचुअल फंडों में भी स्थिर आवक जारी है जिससे संकेत मिलता है कि खुदरा निवेशक अभी भी शेयरों को लेकर सकारात्मक हैं। स्मॉल कैप में भी खरीदी हुई है और साथ ही प्राथमिक बाजार गतिविधियों में सुधार देखने को मिला है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

## चरस और गांजा की बड़ी खेप बरामद, 4 लोग हुए गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में ड्रग तस्करों के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल की बांद्रा यूनिट ने सांताक्रुज इलाके से 4 ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया है। सेल को इनके पास से चरस और हाई क्वॉलिटी गांजा मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बरामद किए गए गांजे और चरस कीमत अंतराष्ट्रीय बजार में 1 करोड़ 18 लाख रुपये है। पुलिस ने ठञ्ढर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया,आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहा कोर्ट ने पुलिस कस्टडी में भेज दिया।




**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जानकारी मिली थी कि सांताक्रुज इलाके में स्थित ट्रम्पेट स्काई लाउंज और क्लब बॉम्बे के पास कुछ लोग ड्रग्स की तस्करी करने के लिए आने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछा कर आरोपी के पास से 1 किलो 700 ग्राम चरस और 950 ग्राम हाई क्वॉलिटी गांजा पाउडर बरामद किया। पुलिस ने मौके से 4 लोगों को गिरफ्तार किया और अब यह पता करने में जुट गई है कि आखिरकार ये लोग ड्रग्स कहां से लेकर आए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे। पकड़े गए आरोपियों के नाम सचिन किरण नांदे, निको फिलिप गोंजाल्विज, हर्षद शंकर पारुलेकर और कैरिंगटन जेरी डिएब्रियो हैं।

**शुक्रवार को NCB ने की थी बड़ी कार्रवाई**

बता दें कि शुक्रवार को ही एनसीबी ने बताया था कि उसने मुंबई में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों का भंडाफोड़ करने के बाद कुल 9 लोगों को गिरफ्तार करके 135 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन और 'अल्प्राजोलम' जब्त की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी थी कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से तीन विदेशी नागरिक हैं। इन अभियानों के दौरान 6.9 किलोग्राम कोकीन और तनाव के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित दवा 'अल्प्राजोलम' जब्त की गई।


# दक्षिण मुंबई के ताड़देव में पड़ोसी की चाकू मारकर हत्या



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के ताड़देव में पुरानी दुश्मनी को लेकर हुए मामूली झगड़े के बाद एक युवक ने अपने 46 वर्षीय पड़ोसी की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ताड़देव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात जब मयूर राठौड़ अपने दो अन्य दोस्तों के साथ अपनी बिल्डिंग के नीचे खड़ा था, तभी उसका प्रतिद्वंद्वी मनीष मारू अचानक धारदार हथियार लेकर आया और उसके पूरे शरीर पर हमला कर दिया और भाग गया. राठौड़ के दो दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की और उसे नायर अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक एक साल पहले आपस में लड़े थे और तभी से उनके रिश्ते में खटास आ गई थी. ताड़देव पुलिस ने मनीष के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है. मृतक की पहचान मंगल सृष्टि बिल्डिंग, तुलसीवाड़ी, ताड़देव निवासी मयूर राठौड़ के रूप में हुई है। राठौड़ के पिता एक सेवानिवृत्त बीएमसी कर्मचारी हैं।

# संभाजी नगर सड़क दुर्घटना: टेम्पो-ट्रक की टक्कर में बारह की मौत... सत्रह घायल



**छत्रपति संभाजीनगर :** मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर वैजापुर के पास रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक के खड़ी बस से टकरा जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब यात्री बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा, ''बस बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए रुकी थी। अचानक ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।''

पीड़ित बुलढाणा में प्रसिद्ध सैलानी बाबा दरगाह पर तीर्थयात्रा करने के बाद नासिक में अपने घरों को जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि घायलों को छत्रपति संभाजीनगर के अस्पतालों में, कुछ को नासिक और कुछ गंभीर मामलों को पुणे के अस्पतालों में ले जाया गया है। अपनी कुख्यात प्रतिष्ठा के अनुरूप मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर जामबरगांव टोल बूथ से थोड़ी दूरी पर हुई इस दुर्घटना में मरने वालों में दो नाबालिग हैं। घायलों में आठ महिलाएं भी हैं।

# प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र में की बड़ी कार्रवाई




**मुंबई :** राज्य में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी हुई है। इस कार्रवाई में ईडी ने 70 जगहों पर छापेमारी कर 315 करोड़ की संपत्ति जब्त की है।ईडी ने ये संपत्तियां जलगांव, मुंबई, ठाणे, सिल्लोड और कच्छ से जब्त की हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी यह है कि ईडी ने राजमल लखीचंद ज्वै प्राइवेट लिमिटेड, आरएल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वै प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों में कार्रवाई की है। यह कार्रवाई 13 अक्टूबर 2023 को PMLA 2002 क तहत की गई है।

इस ऑपरेशन में जलगांव, मुंबई, ठाणे, सिल्लोड और कच्छ में 70 जगहों से इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है। जब्त की गई इन संपत्तियों की कीमत करीब 315 करोड़ रुपये है।इस बीच, ईडी ने पहले जलगांव में राजमल लखीचंद ज्वैलर्स पर छ मारा था। पूर्व एनसीपी सांसद ईश्वरलाल जैन के आभूषणों पर अगस्त छापा मारा गया था। इस वक्त ईडी की ओर से 24 घंटे से ज्यादा की ज चल रही थी।




# मुंबई का दूसरा सबसे पुराना शारे रासन सिनेगॉग अपशिष्ट उपद्रव से जूझ रहा

**मुंबईः** तांतनपुरा स्ट्रीट, पाइधोनी पर स्थित शहर का दूसरा सबसे पुराना आराधनालय, शारे रसोन सिनेगॉग, अपनी छत पर कचरा गिरने से परेशान हो गया है। जबकि आराधनालय ने इसे परिसर के अंदर गिरने से बचाने के लिए एक छत बनाई है, उसका कहना है कि नारियल और ऐसे अन्य कचरे जैसे भारी कचरे से छत को नुकसान पहुंचने का खतरा है, इसके अलावा उपद्रव बंद नहीं हुआ है।

**''ऐसे लोग हैं जो चीजें फेंकते रहते हैं''**

''हम लंबे समय से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। पहले कचरा परिसर के अंदर ही गिरता था। हम पड़ोसी भवन से अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन बहुत सुधार नहीं हुआ है। समय के साथ जब उपद्रव नहीं रुका, तो हमने एक व्यवस्था की। छत ताकि यह हमारे परिसर के अंदर न गिरे। ऐसे लोग हैं जो चीजें फेंकते रहते हैं। इसमें सभी प्रकार के अपशिष्ट शामिल हैं। कभी-कभी यह नारियल होता है जो भारी होता है और हमें लगता है कि यह छत को नुकसान पहुंचा सकता है, ''मानद सचिव सिनोरा कोलाटकर ने कहा आराधनालय का जिसने नागरिक अधिकारियों और उस भवन मालिक से शिकायत की है।

कोलकटकर ने कहा, ''इमारत के मालिक ने भी असहायता दिखाई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने किरायेदारों को बताया है लेकिन कुछ किरायेदारों ने उपद्रव जारी रखा है। हमने निर्वाचित प्रतिनिधियों से



भी संपर्क किया है लेकिन समस्या बनी हुई है।'' कोलटकर ने कहा कि आराधनालय और इमारत के बीच के घर के नाले में कचरा डाला गया था, जो ओवरफ्लो हो जाएगा या सभास्थल के करीब सड़क पर रखा जाएगा। हाउस गली दो संरचनाओं के बीच एक बेहद संकीर्ण जगह है जिसमें सीवेज सिस्टम होता है। दक्षिण मुंबई के कुछ वार्डों में घरों की नालियों को खुले कूड़े के रूप में माना जाता है।

आराधनालय के प्रतिनिधि के अलावा, एक निवासी जो आराधनालय के पीछे की ओर एक फ्लैट में रहता है, लेकिन जो उसी परिसर का हिस्सा है, ने भी समस्या की शिकायत की। ''पड़ोसी बिल्डिंग से कूड़ा फेंके जाने के कारण बहुत दिक्कतें हो रही हैं। ऐसा हुआ कि एक बार उन्होंने डायपर फेंक दिया था और मल हमारी खिड़की पर आ गया। तब से हमने प्लास्टिक की शीट लगा दी है क्योंकि हमारी रसोई भी यही है।'' साइड,'' सईदुल शेख ने कहा, जो एक फ्लैट में किराए पर रहता है जिसकी खिड़की आराधनालय की छत की ओर खुलती है।

**एफपीजे ने परिसर का दौरा किया**


जब एफपीजे ने आराधनालय से सटी सुपारीवाला इमारत का दौरा किया और कूड़ा फेंका जा रहा था, तो एक निवासी ने कहा कि लोग आमतौर पर कूड़ा खुले गटर (घर की नाली) में फेंक देते हैं और हो सकता है कि उसमें से कुछ आराधनालय की छत पर गिर गया हो। उन्होंने कहा, ''चूंकि यह एक खुला गटर है, इसलिए लोग सामान फेंक देते हैं। हो सकता है कि इसमें से कुछ छत पर गिर गया हो।''

निवासी ने कहा कि यहां कोई सोसायटी नहीं है क्योंकि इमारत किरायेदार थी। इमारत के मालिक यूसुफ सुपारीवाला ने कहा, ''मैंने निवासियों को पहले भी बताया है। मैं उन्हें हमारे रेंट कलेक्टर के माध्यम से फिर से बताऊंगा कि वे कुछ भी न फेंकें और सार्वजनिक प्राधिकरण को शिकायतें की गई हैं, जिससे कार्रवाई हो सकती है। उम्मीद है कि वे सुनेगा।'' बी वार्ड के सहायक नगर आयुक्त अजीतकुमार अंबी, जिनके अधिकार क्षेत्र में यह क्षेत्र आता है, ने एफपीजे द्वारा एसएमएस और व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने के बाद कोई जवाब नहीं दिया। जब भी वह जवाब देंगे, कॉपी अपडेट कर दी जाएगी।

# मलाड पुलिस ने पासपोर्ट धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया...

## पिता का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 2 के खिलाफ FIR

**मुंबईः** मलाड पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए अपने पिता के नकली जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दोनों से दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जिसे स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा कर दिया गया। विशेष शाखा द्वारा किये गये सत्यापन के दौरान दस्तावेज फर्जी पाया गया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, डिंकी अरविंद सिंह और शिवम कनौजिया ने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। अधिकारियों के अनुरोध पर सिंह के





पिता का जन्म प्रमाण पत्र जमा किया गया था, लेकिन सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह नकली पाया गया।

पासपोर्ट सत्यापन के लिए नियुक्त कर्मचारी संबंधित विभाग से प्रशिक्षण लेते हैं। दस्तावेज के बारकोड को स्कैन कर वेबसाइट पर चेक करने पर इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसी तरह कनौजिया के दस्तावेजों का भी कोई रिकॉर्ड वेबसाइट पर नहीं था. मलाड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रवि अदाणे ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि आरोपी ने जाली दस्तावेज कैसे प्राप्त किए। उत्तर प्रदेश से मिली जानकारी से संकेत मिलता है कि डिंकी द्वारा प्रदान किया गया जन्म प्रमाण पत्र फर्जी है। पुलिस कनौजिया द्वारा सौंपे गए दस्तावेजों की जांच कर रही है, जो उत्तर प्रदेश के मड़ियाहूं से जारी किए गए थे।

# ठाणे के अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर लीक... कोई मरीज प्रभावित नहीं

**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक नागरिक संचालित अस्पताल में रविवार आधी रात के बाद एक सिलेंडर से ऑक्सीजन गैस लीक हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना रात 12.25 बजे वागले एस्टेट के श्रीनगर इलाके में स्थित मातोश्री गंगूबाई संभाजी शिंदे अस्पताल में हुई। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने कहा कि गैस रिसाव के कारण कोई भी मरीज प्रभावित नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि जैसे ही 390 किलोग्राम के सिलेंडर में दबाव बढ़ा, उसका सेफ्टी वाल्व मुड़ गया और गैस लीक होने लगी। अधिकारी ने कहा कि एक स्थानीय परिचारक ने दबाव को नियंत्रित किया और लगभग 45 मिनट के बाद रिसाव को बंद कर



दिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के पास 390 किलोग्राम का एक और ऑक्सीजन गैस सिलेंडर है और सुविधा की आपूर्ति प्रभावित नहीं हुई है।

# देश में 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा




देश में 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी है। चंद्रयान मिशन 3 के तहत 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग की गई थी। 23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लें। के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ घोषणाएं की थीं। इसमें स्थान पर चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा, उस स्थान को 'शिवशक्ति' रखना और 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने भी ऐलान करना शामिल है। इसके अलावा चंद्रमा के जिस स्थान चंद्रयान-2 ने अपने पदचिह्न छोड़े हैं, उस प्वाइंट का नाम 'तिरंगा' रखा गया।

# लश्कर के खिलाफ पंजाब पुलिस की बड़ी कामयाबी, दो आतंकी और ...




पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। राज्य पुलिस को त्योहार में पंजाब को दहलाने का मंसूबा पाले लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जम्मू- कश्मीर के इन आतंकवादियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 14 अक्टूबर की सुबह एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की।

कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी पुलिस पुलिस महानिदेशक ने बताया कि स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतस इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इन दोनों आतंकवादियों को फिर अहमद भट ने टाइम बम बनाने का सामान, दो हैंड ग्रेनेड और पिस्टल दर भेजा था। अमृतसर में आतंकियों से पूछताछ की जा रही है। इनके पा दो आईईडी, दो हैंड ग्रेनेड, दो मैगजीन, एक पिस्तौल, 24 कारतूस, टाइमर स्विच, आठ डेटोनेटर और चार बैटरी बरामद हुई हैं। यादव ने कहा कि आरोपितों को आज कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : सोमवार 16 अक्टूबर 2023






# मई २०२५ में ही मुंबईकरों की सेवा में कोस्टल रोड...!



**मुंबई :** मुंबईकरों को गति प्रदान करनेवाले कोस्टल रोड का अभी भी २० फीसदी काम बाकी है। ऐसे में मनपा द्वारा कोस्टल रोड को नवंबर में शुरू करने की दी गई डेडलाइन चूक जाएगी। इस मार्ग की कम से कम एक लाइन नवंबर में चालू होनी थी। हालांकि, यदि यह लाइन शुरू की गई, तो बाकी कामों पर विपरीत असर पड़ेगा। इससे इस काम के और भी लटकने की आशंका है। इसलिए लंबे समय से प्रतीक्षित कोस्टल रोड अब मई २०२५ में ही मुंबईकरों की सेवा में आ सकेगा।

मनपा के माध्यम से प्रियदर्शिनी पार्क से वर्ली सी-लिंक के बीच १०.५८ किमी तक कोस्टल रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना से ३४ प्रतिशत ईंधन और ७० प्रतिशत समय की बचत होगी। इसलिए यह प्रोजेक्ट मुंबईकरों के लिए फायदेमंद और पर्यावरण के अनुकूल होगा। प्रोजेक्ट का काम अक्टूबर २०१८ से शुरू हुआ और इसका वर्तमान समय में ८० फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस मार्ग में कुल १०.५८ किमी के कोस्टल रोड परियोजना में दो किमी की दो विशाल सुरंगों का निर्माण किया गया है। पहली सुरंग का काम १० जनवरी २०२२, जबकि दूसरी सुरंग का काम ३० मई को पूरा हो चुका है। इसलिए नवंबर तक कोस्टल रोड की एक लेन खोलकर इस परियोजना को मुंबईकरों की सेवा में लाने का प्रयास किया जा रहा था। प्रशासन की ओर से इसकी घोषणा भी की गई थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने महाराष्ट्र सड़क हादसे पर दुख जताया...

## मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की




**महाराष्ट्र :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों के मारे जाने की घटना से वह व्यथित हैं। राष्ट्रपति ने मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। पुलिस ने बताया कि समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात तेज गति से आ रही एक मिनी बस ने एक कंटेनर को टक्कर मार दी, जिससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। उसने बताया कि निजी बस में 35 यात्री सवार थे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों के मारे जाने की घटना से व्यथित हूं। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

दरअसल, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात तेज गति से आ रही एक मिनी बस ने एक कंटेनर को टक्कर मार दी, जिससे 35 यात्री सवार थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि निजी बस में 35 यात्री सवार थे जो बुलढाणा जिले में सैलानी बाबा दरगाह से नासिक लौट रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा जिले में एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में आधी रात के बाद हुआ। यह स्थान जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर और राजधानी मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप बस ने जांबरगांव टोल प्लाजा के पास खड़े एक कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी। वैजापुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मिनी बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि इसमें 17 यात्रियों के बैठने की क्षमता थी लेकिन इसमें करीब 35 यात्री सफर कर रहे थे।

# एमडीआर-टीबी के मरीजों के लिए प्रति महीने तीन लाख साइक्लोसेरीन गोलियों की जरूरत




**मुंबई :** महाराष्ट्र में एमडीआर-टीबी के मरीजों के लिए प्रति महीने तीन लाख साइक्लोसेरीन गोलियों की जरूरत है, जबकि केंद्र सरकार ने प्रदेश में पांच दिन पहले केवल २५,००० गोलियां भेजी हैं। इसके अलावा डेलामेनिड की ३७,२०० गोलियां भी भेजी गई हैं, जो टीबी के तत्काल आवश्यकता वाले सभी रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। बता दें कि ये दोनों एमडीआर-टीबी के इलाज के लिए प्रमुख दवाएं हैं, वहीं महाराष्ट्र में टीबी दवाओं की भारी कमी के बावजूद राज्य समेत केंद्र सरकार इसे बहुत ही हल्के में ले रही है, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल २०२५ तक टीबी को देश से समूल खत्म करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, जिस तरह से प्रदेश में टीबी के इलाज के लिए जरूरी दवाओं की किल्लत का सामना मरीज कर रहे हैं, उसे देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि पीएम का टीबीमुक्त हिंदुस्थान को देखने का सपना पूरा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार, राज्य में १०,००० से अधिक एमडीआर-टीबी मरीज हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मुंबई से हैं। मुंबई समेत पूरे प्रदेश में जून से ही डेलामेनिड के अलावा टीबी की अन्य दवाओं में शामिल मोक्सीफ्लोक्सासिन, साइक्लोसेरीन लाइनजोलीड, क्लोफाजिमिन, पाइरिडोक्सिन की कमी देखी जा रही है, वहीं राज्य का स्वास्थ्य विभाग दवाओं की इस कमी के लिए जिम्मेदार केंद्र सरकार को ठहरा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि केंद्र सरकार जरूरत से भी बहुत कम दवाओं की आपूर्ति कर रहा है, जिस कारण एमडीआर-टीबी की स्थिति और भी खराब होते जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ९ अक्टूबर को केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में १०.५५ लाख साइक्लोसेरीन २५० एमजी के वैष्पसूल भेजे हैं। महाराष्ट्र को ४,१६,७५० साइक्लोसेरीन वैष्पसूल की आवश्यकता है, लेकिन तीन जिलों के लिए केवल १.३० लाख वैष्पसूल भेजे गए हैं, जिनमें मुंबई के लिए ७०,०००, पुणे के लिए ४०,००० और नागपुर के लिए ३०,००० कैप्सूल शामिल हैं।

राज्य टीबी विभाग के मुताबिक, उन्हें इस सप्ताह साइक्लोसेरीन और डेलामेनिड का पहला स्टॉक मिला है। इसके साथ ही और स्टॉक मिलने की संभावना है। फिलहाल, प्राप्त हुए दवाओं के स्टॉक को जिलों में उनकी आवश्यकताओं के आधार पर वितरित किया जाएगा। समाजसेवी गणेश आचार्य ने कहा कि टीबी की अन्य दवाओं की उपलब्धता पर कोई जानकारी नहीं है। केंद्र ने कहा है कि वे अगले १० दिनों में टीबी की दवाएं वितरित करेंगे।

# 'फायर फायटर रोबो' का सफल परीक्षण, अग्निशमन दल के कर्मियों को अब खतरे में नहीं डालनी पड़ेगी जान



**ठाणे :** अब तक इमारतों में लगनेवाली आग को बुझाने में अग्निशमन दल के कर्मियों को अपनी जान खतरे में डालकर आग पर काबू पाना पड़ता था, लेकिन अब इस कार्य के लिए 'फायर फाइटर रोबो' का इस्तेमाल किया जाएगा। हाल ही में ठाणे स्थित बालकुम में 'फायर फायटर रोबो' का सफल परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। आनेवाले समय में कागजी कार्रवाई के बाद इस अत्याधुनिक रोबोट को अग्निशमन दल में कर्मचारी के तौर पर नियुक्त कर लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में ठाणे शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें और व्यावसायिक परिसर बनाए जा रहे हैं। संकरी गलियों में शीशे वाली इमारतों में आग लगनेपर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई बार अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। साथ ही धुएं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति से उबरने में फायर फाइटर रोबोट निश्चित रूप से मददगार साबित होगा। मुंबई और केरल की फायर ब्रिगेड में अच्छा प्रदर्शन कर चुके इस रोबोट का प्रदर्शन ठाणे मनपा के फायर ब्रिगेड के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया। १२ घंटे की बैटरी क्षमता वाले इस रोबोट को गोरेगांव के नास्को प्रदर्शनी केंद्र में एक प्रदर्शनी के दौरान प्रस्तुत किया गया था। उस कंपनी की टीम द्वारा इस रोबोट का प्रदर्शन और इसे उपयोग करने की जानकारी ठाणे मनपा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश झलके की उपस्थिति में ठाणे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को दी गई। यह रोबोट ठाणे के घोड़बंदर रोड पर ओरियन बिजनेस पार्क में लगी आग की घटना में अहम भूमिका निभा सकता था। भिवंडी के गोदामों और इमारतों के बेसमेंट में आग लगने के बाद रोबोट आसानी से धुएं में घुसकर आग पर काबू पा सकता है।

रोबोट जलती हुई इमारत की सीढ़ियां भी चढ़ सकता है। रोबोट ने कुछ ही सेकंड में बालकुम फायर स्टेशन की दो सीढ़ियों पर चढ़ने और उतरने का प्रदर्शन किया, साथ ही रोबोट ने हौज पाइप की मदद से आग पर पानी डालकर दिखाया। यह रोबोट आग के बिल्कुल करीब पहुंचकर आग पर पानी फेंक सकता है।

# फोन पर ताज होटल को दी बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई की कोलाबा पुलिस ने गिरफ्तार किया शख्स



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि वह ताज होटल में बम रखने जा रहा है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। व्यक्ति की पहचान धर्मपाल सिंह (36 वर्षीय) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि उसने होटल की जांच की और उसे कुछ भी नहीं मिला। मुंबई की कोलाबा पुलिस ने फोन करने वाले शख्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email-editor@rokthoklekhaninews.com